दिन– मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा आज राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत करेंगे। प्रदेश के फाईलेरिया प्रभावित चौंतीस जिलों में भी चलेगा अभियान।
02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नितिन नवीन आज विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होंगे।
03. सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश दिये।
04. और, बिहार बोर्ड ने सत्रह फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक परीक्षा के लिए छह जिलों के कई केन्द्रों में बदलाव किया।

---

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा आज राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्नमूलन अभियान की शुरूआत करेंगे। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में बिहार समेत बारह फाईलेरिया प्रभावित राज्यों के स्वास्थ्य मंत्री वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे। इधर, राष्ट्रीय अभियान के तहत राज्य के चौंतीस जिलों में दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे, गर्भवती महिलाओं और गम्भीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र लोगों को फाईलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। सारण के सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि अभियान के तहत लोगों को तीन प्रकार की दवाएं दी जायेंगी।

–––बाईट–––

इधर, स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैंसर और मधुमेय की समय पर पहचान और उपचार के लिए कल तक राज्यभर में विशेष जांच अभियान चलाया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि गैर संचारी रोगों विशेषकर कैंसर की समय पर पहचान और उपचार को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि बीते चार फरवरी से प्रदेश के सभी सदर अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों पर निःशुल्क जांच और चिकित्सा परामर्श शिविर चलाये जा रहे हैं।

---

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में साइबर धोखाधड़ी से निपटने के विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे। गृह मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारत में साइबर धोखाधड़ी के बढ़ते दायरे, रुझानों और बदलते स्वरूप को लेकर साझा समझ विकसित करना है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में

केंद्रीय और राज्य कानून प्रवर्तन एजेंसियां, दूरसंचार विभाग, वित्तीय सेवा विभाग और भारतीय रिजर्व बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस अवसर पर श्री शाह केंद्रीय जांच ब्यूरो, सीबीआई की नई साइबर अपराध शाखा का भी उद्‌घाटन करेंगे। साथ ही, गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के राज्य डैशबोर्ड का भी शुभारंभ करेंगे।

———————————————

बिहार विधानसभा में आज वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के बजट में अनुदानों के मांगों पर चर्चा होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके बाद मतदान होगा। वहीं, आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नितिन नवीन सदन की कार्यवाही में भाग लेंगे। इसके बाद श्री नवीन बांकीपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

———————————————

उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे लोगों की जांच की जायेगी। विधानसभा में एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि टूरिस्ट वीजा पर बिहार आने और फिर यहीं रह जाने वाले लोगों के सम्पत्ति खरीदने और मतदाता सूची में नाम जुड़वानेके मामले की जांच होगी।

———बाईट———

———————————————

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में कानून का राज है और सभी आपराधिक मामलों में पुलिस तत्परता से कार्य कर रही है। श्री चौधरी ने विधानमंडल परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में विपक्ष पर अपराध के नाम पर बेवजह राजनीति करने का आरोप लगाया है।

———बाईट———

———————————————

राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में एक लाख पचास हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की अधियाचना विभिन्न चयन आयोग और पर्षदों को भेजी है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर बी. राजेन्द्र ने बताया कि संबंधित आयोगों की ओर से इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ष दो हजार बीस से फरवरी दो हजार छब्बीस तक नौ लाख चौरासी हजार से अधिक युवाओं को नई नौकरी और रोजगार दिये गये हैं। इनमें सात लाख पंचानवे हजार आठ सौ बयासी पदों पर नियमित नियुक्ति हुई है।

---

गृह विभाग ने बिहार पुलिस में स्पेशल ऑक्जिलियरी पुलिस, सैप की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके अन्तर्गत सत्रह हजार नये पदों पर अनुबंध नियोजन की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। बिहार पुलिस के इस विशेष सहायक बल में सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ ही केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों से सेवानिवृत्त जवान भी शामिल होंगे। इस संबंध में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिया है।

---

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के खाताधारक अब यूपीआई से जल्द ही ईपीएफ की राशि निकाल सकेंगे। श्रम मंत्रालय ने कहा है कि इसके लिए नया मोबाईल एप अप्रैल में लांच किया जायेगा। इसके जरिये कर्मचारी अपने बैंक खाते में सीधे यूपीआई के माध्यम से राशि ट्रांसफर कर सकेंगे। नये नियम के तहत पीएफ खाते की न्यूनतम पच्चीस प्रतिशत राशि जमा रहेगी जबकि शेष राशि में से खाताधारक तय सीमा के भीतर अपने जरूरत के अनुसार राशि निकाल सकेंगे।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को रिजर्व बैंक, विभिन्न बैंकों और दूरसंचार विभाग के परामर्श से डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया–एसओपी तैयार करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने डिजिटल धोखाधड़ी के माध्यम से चौवन हजार करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी को डकैती बताया है। शीर्ष न्यायालय ने डिजिटल गिरफ्तारी घोटालों के बढ़ते खतरे पर भी चिंता व्यक्त की।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सत्रह फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक परीक्षा के लिए कई केन्दों में बदलाव किया है। बोर्ड की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पूर्वी चम्पारण, भोजपुर, गयाजी, जहानाबाद, लखीसराय और सारण जिलों के कुछ पूर्व चयनित परीक्षा केन्द्र के स्थान पर नये परीक्षा केन्द्र आवंटित किये गये हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि संबंधित परीक्षार्थियों को नये प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र के अनुसार ही परीक्षा में शामिल होना होगा। पुराने परीक्षा केन्द्र पर पहुचंने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। नये परीक्षा केन्द्र की सूचना के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाईट पर उपलब्ध संशोधित सूची देखी जा सकती है या संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

वहीं, नेशलन टेस्टिंग एजेंसी, एनटीए ने नीट– यूजी परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। अभ्यर्थियों को अब आवेदन के समय आधार आधारित ई–केवाईसी करना अनिवार्य होगा।

———————————————

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का यूनतम तापमान आठ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान कैमूर में सबसे अधिक अट्ठाईस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अनुसार अगले सात दिन के दौरान प्रदेश का मौसम शुष्क बने रहने की सम्भावना है। इस दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

———————————————

बेगूसराय जिले में बरौनी रिफाइनरी की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा रिफाइनरी क्षेत्र में कल से निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। यह आदेश तेईस  फरवरी सुबह छह बने तक प्रभावी रहेगा। इसके तहत रिफाइनरी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का धरना–प्रदर्शन, जुलूस या विरोध कार्यक्रम करना वर्जित होगा।

———————————————

पूर्णिया जिले में ऊर्जा विभाग की ओर से स्मार्ट मीटर पखवाड़ा चलाया जा रहा है। इस अवसर पर बिजली विभाग के वरीय पदाधिकारी ने बताया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट पैंतीस पैसे की छूट का सीधा लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग दस लाख उपभोक्ता हैं, जिनमें से अब तक लगभग पांच लाख उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

———————————————

अरवल जिले में बासमती आईटीआई परिसर में बारह फरवरी को जिला नियोजनालय की ओर से नियोजन शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस शिविर में अठारह से अड़तीस आयु वर्ग के दसवीं, बारहवीं या आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इसके लिए जिला नियोजन कार्यालय में निबंधन कराना अनिवार्य है।

———————————————

कटिहार जिले में नगर पुलिस ने विभिन्न रेलगाड़ियों में नशाखुरानी गिरोह चलाने वाले दो अपराधियों को लगभग बीस हजार सात सौ नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————

अररिया के  जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में सेविका प्रोन्नति के माध्यम से महिला पर्यवेक्षिका के नियोजन के लिए चयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभ्यर्थियों के प्रमाण–पत्रों की जांच के लिए त्रि–सदस्यीय समिति के गठन का निर्णय लिया गया।

———————————————

पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज के रूपवलिया गांव से लापता दो नाबालिग सगे भाइयों को पुलिस ने शिकारपुर से सकुशल बरामद कर लिया। नरकटियागंज एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि दोनो भटककर रक्सौल चले गये थे।

———————————————

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद – आईसीसी ने आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्व कप दो हजार छब्बीस के सभी निर्धारित मैचों में पाकिस्तान की भागीदारी की पुष्टि की है। इसमें पन्द्रह फरवरी को कोलंबो में भारत के खिलाफ होने वाला मैच भी शामिल है। आईसीसी ने बताया कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से हुई बातचीत में दोनों पक्षों ने खेल के हितों की रक्षा के लिए निष्पक्ष और तटस्थ रहने पर सहमति व्यक्त की। आईसीसी ने कहा कि सभी सदस्य आईसीसी आयोजनों में भागीदारी की शर्तों के अनुसार अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करेंगे।

———————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– विश्वविद्यालयों में अगले सत्र से समर्थ पोर्टल के जरिये नामांकन। छात्रों के नामांकन, परीक्षा और रिजल्ट के सभी आकंड़े इसी पर रहेंगे।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बिहार को मत्स्य उत्पादन में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में हो रहा काम।

दैनिक भास्कर लिखता है– दस महीने में पांचवीं बार पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी। तीन घंटे चला सर्च ऑपरेशन, पप्पू यावद के मामले समेत तीन हजार केस की सुनवाई टली।

प्रभात खबर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद।

आज अखबार का शीर्षक है– भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर पहली बार पटना आये नितिन नवीन ने कहा, प्रधानमंत्री के समने को करेंगे साकार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा आज राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत करेंगे। प्रदेश के फाईलेरिया प्रभावित चौंतीस जिलों में भी चलेगा अभियान।

02. भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक नितिन नवीन आज विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होंगे।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों से निपटने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश दिये।

04. और, बिहार बोर्ड ने सत्रह फरवरी से शुरू हो रही मैट्रिक परीक्षा के लिए छह जिलों के कई केन्द्रों में बदलाव किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।